>

Title: Need to appoint permanent lecturer in Mahatma Gandhi Government college Mayabunder in Andaman & Nicobar Group of Islands. *

श्री विष्णु पद राय : महोदय, महात्मा गांधी गवर्नमेंट कॉलेज, मायाबन्दर 1994 में शुरू हुआ। उस कॉलेज में 6 सब्जेक्ट्स में 20 टीचर्स की पोस्ट सैंक्शन हुई, लेकिन भर्ती केवल 10 पद पर हुई। करीब-करीब 15-20 गेस्ट लेक्चरर्स से वह कॉलेज चलाया जा रहा है, जिन्हें दस हजार रूपये वेतन दे रहे हैं। यूजीसी कमीशन कहता है कि उन्हें महीने में कम से कम 25 हजार रूपये वेतन देना है। उसी कॉलेज में स्टाइपेंड महीने में केवल एक हजार रूपये दे रहे हैं, उसे बढ़ाकर 2,500 रूपया किया जाना चाहिए। पोर्ट ब्लेयर के जेएनआरएम कॉलेज में जो सब्जेक्ट पढ़ाये जाते हैं, उन सब्जेक्ट्स को मायाबन्दर कॉलेज में पढ़ाया जाये। मैं एक मांग और करूंगा कि उस कॉलेज में हॉस्टल, कॉलेज रूम्स, स्टॉफ रूम्स रिपेयर नहीं हो रहे हैं। मेरी मांग है कि पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर अच्छा कॉलेज बने। हमारे द्वीपसमूह में एक बच्चे पर 47 हजार रूपया खर्च होता है, बढ़िया कॉलेज के लिए सरकार व्यवस्था करे, यह हमारी मांग है।